YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली > सोमवार, 11 जनवरी 2016 > पौष 21 शक 1937 > पौष शुक्ल 2 विक्रम 2072 पेज 14 > मूल्य 4.50 रु. या 8.50

नर्सरी : अब स्पीड पकड़ेगा रजिस्ट्रेशन प्रॉसेस

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी एडमिशन प्रॉसेस शुरू हुए 10 दिन हो चुके हैं और 22 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन होने है। आने वाले हफ्ते में नर्सरी एडमिशन प्रोसेस अब फुल स्पीड में चलेगा। एक्सपर्ट ने पैरंट्स को सलाह दी है कि स्कूल से घर की दूरी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा स्कूलों में अप्लाई करने की कोशिश करें। हर बार ऐसा देखने में आता है कि पैरंट्स कुछ स्कूलों में ही अप्लाई करते हैं और बाद में परेशानी होती है। संस्था सोशल जूरिस्ट के एडवोकेट खगेश झा का कहना है कि हर एरिया में ऐसे स्कूल हैं, जिनमें एडमिशन की ज्यादा मारामारी नहीं होती और उन स्कूलों में एजुकेशन की क्वॉलिटी बहुत बेहतर होती है लेकिन पैरंट्स बड़े नाम के चक्कर में फंसे रहते हैं। बड़े नामों के साथ दूसरे स्कूलों में भी अप्लाई करें। झा ने बताया कि शिक्षा निदेशालय का सर्वर डाउन होने के कारण संडे को पैरंट्स को काफी परेशानी हुई।

22 जनवरी तक का है वक्त, 10 दिन हो चुके हैं

उधर स्कूलों ने आने वाले हफ्ते के लिए खास तैयारी की है। एमएम पब्लिक स्कूल पीतमपुरा की प्रिंसिपल रोमा पाठक ने बताया कि मंडे से फॉर्म सेल का एक और काउंटर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल में करीब 1000 फॉर्म सेल हो गए हैं और पैरंट्स की क्वेरीज अब बढ़ रही हैं। वीएसपीके इंटरैशनल स्कूल रोहिणी की प्रिंसिपल डॉ. डॉली जेटली ने बताया कि सीनियर स्कूल में 1100 फॉर्म सेल हुए हैं और पीतमपुरा स्थित वीएसपीके जूनियर स्कूल में 400 फॉर्म सेल हुए हैं। उन्होंने बताया कि पैरंट्स की भीड़ अब बढ़ रही है और स्कूल में पैरंट्स के लिए हेल्पडेस्क भी बनाई जाएगी। माउंट आबू पब्लिक स्कूल रोहिणी की प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा ने बताया कि स्कूल काउंटर से 1300 फॉर्म सेल हुए हैं साथ ही पैरंट्स को स्कूल की वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर सब्मिट करवाने का ऑप्शन भी है। जागरूक पैरंट्स असोसिएशन और एजुकेशन हेल्प डॉट इन के प्रेजिडेंट वीरेंद्र सिंह ने सीएम को लिखे लेटर में गवर्नमेंट स्कूलों में भी नर्सरी की सीट बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि गवर्नमेंट स्कूलों को भी नर्सरी एडमिशन प्रोसेस में शामिल किया जाना चाहिए ताकि पैरंट्स के सामने इन स्कूलों का भी ऑप्शन हों।

Sher Singh Saini

नर्सरी एडमिशन के लिए पैरंट्स तैयारियों में जुट गए हैं